सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	भाद्र 08, शुक्रवार, *शाके 1946*-अगस्त 30, *2024* *Bhadra 08, Friday, Saka 1946- August 30, 2024*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

राजस्थान विधान सभा सचिवालय

आज्ञा

जयपुर, अगस्त 14, 2024

संख्या: 489/संस्था/विस/2024 :-इस सचिवालय की आज्ञा संख्या 283/संस्था/विस/2024 दिनांक 08.05.2024 के द्वारा गठित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक प. (10)एस ए पी/एक्ट/15374 दिनांक 14 अक्टूबर, 2021 के द्वारा दिव्यांगजन को देय आरक्षण के क्रम में डीपीसी वर्ष 2022-23 में अनुभाग अधिकारी, डीपीसी वर्ष 2023-24 में सहायक सचिव एवं अनुभाग अधिकारी के पद हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंषा के पुनर्विलोकन करने पर माननीय अध्यक्ष, राजस्थान विधान सभा निम्नांकित कार्मिकों निम्न प्रकार से पदोन्नत करते हैं:-

वर्ष 2022-23 (पुनर्विलोकन)

<u>अनुभाग अधिकारी (पे मेट्रिक्स लेवल L-12)</u>

श्रीमती अनिता शर्मा की दिनांक 01.04.2022 से अनुभाग अधिकारी के पद पर की गयी पदोन्नति को निरस्त किया जाकर श्री दिनेश कुमार जैन (LD) को दिव्यांगजन हेतु निर्धारित रोस्टर बिन्दु संख्या 26 (HI श्रेणी) के विरूद्ध अन्त:परिवर्तन द्वारा चयन कर डीपीसी वर्ष 2022-23 में अनुभाग अधिकारी के पद पर दिनांक 01.04.2022 को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति प्रदान की जाकर इनकी वरिष्ठता श्री कृष्ण कुमार शर्मा के नीचे निर्धारित की जाती है।

वर्ष 2023-24 (पुनर्विलोकन)

<u>सहायक सचिव (पे मेट्रिक्स लेवल L-16)</u>

श्री अतुल कुमार पण्ड्या (LD) को दिव्यांगजन हेतु निर्धारित वर्ष 2022-23 से अग्रेषित रोस्टर बिन्दु संख्या 1 (BL श्रेणी) के विरूद्ध अन्त:परिवर्तन द्वारा चयन कर डीपीसी वर्ष 2023-24 में सहायक सचिव के पद पर दिनांक 18.08.2023 को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति प्रदान की जाकर इनकी वरिष्ठता श्री योगेश त्रिपाठी के नीचे निर्धारित की जाती है।

अनुभाग अधिकारी (पे मेट्रिक्स लेवल L-12)

श्रीमती अनिता शर्मा की डीपीसी वर्ष 2023-24 में अनुभाग अधिकारी के पद पर दिनांक 01.04.2023 को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति प्रदान की जाकर इनकी वरिष्ठता श्री भागीरथ मल के उपर निर्धारित की जाती है।

उपरोक्त कार्मिकों को नगद लाभ इनके द्वारा कार्यभार संभालने की तिथि से देय होगा।

महावीर प्रसाद शर्मा,
प्रमुख सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।